दिन– सोमवार दिनांक– 02/03/2026

प्रसार भारती
(भारत का लोक सेवा प्रसारक)
प्रादेशिक समाचार एकांश
आकाशवाणी, पटना

प्रसारणः– प्रातः 08.48 बजे से। अवधिः– 15 मिनट

---

01. पश्चिम एशिया में बढ़ते तनाव के बीच प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने मंत्रिमंडल सुरक्षा समिति की बैठक की अध्यक्षता की।

02. विदेश मंत्रालय ने भारत में रह रहे विदेशी नागरिकों को वीजा संबंधी सहायता के लिए विदेशी क्षेत्रीय पंजीकरण कार्यालय से सम्पर्क करने की सलाह दी।

03. प्रदेश में होली के त्योहार को लेकर उत्सव का माहौल। आज मध्य रात्रि के बाद किया जायेगा होलिका दहन।

04. और, टी20 क्रिकेट विश्व कप में, भारत ने वेस्टइंडीज को हराकर सेमीफाइनल में जगह बनायी। पांच मार्च को इंग्लैंड से होगा मुकाबला।

———————————————————————

पश्चिम एशिया में बढ़ते तनाव के बीच प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कल देर रात अपने आवास पर सुरक्षा संबंधी मंत्रिमंडल समिति की बैठक की। बैठक में गृहमंत्री अमित शाह, रक्षामंत्री राजनाथ सिंह, विदेशमंत्री डॉक्टर एस जयशंकर और वित्तमंत्री निर्मला सीतारामण उपस्थित थीं। प्रधानमंत्री श्री मोदी ने इस्रायल के प्रधानमंत्री बेन्यामिन नेतन्याहू से फोन पर पश्चिम एशिया की मौजूदा स्थिति पर चर्चा की। श्री मोदी ने सोशल मीडिया पोस्ट में कहा कि उन्होंने श्री नेतन्याहू को भारत की चिंताओं से अवगत कराया और नागरिकों की सुरक्षा उनकी प्राथमिकता है। वहीं, प्रधानमंत्री ने संयुक्त अरब अमीरात के राष्ट्रपति शेख मोहम्मद बिन जायद अल नाहयान से भी बातचीत की। उन्होंने अमीरात पर ईरान के हमलों की कड़ी निंदा की और हमलों में जान गंवाने वालों के प्रति संवेदना व्यक्त की। प्रधानमंत्री ने कहा कि भारत इस कठिन समय में अमीरात के साथ है। उन्होंने अमीरात में भारतीय समुदाय की सुरक्षा के लिए शेख मोहम्मद बिन जायद अल नाहयान का आभार भी प्रकट किया।

———————————————————————

अमेरिका और इस्राइल द्वारा ईरान पर हमले के बाद पश्चिम एशिया में माहौल तनावपूर्ण है। इस बीच दोनों पक्षों की ओर से दावा प्रति दावा किया जा रहा है। इस्राइली रक्षा बल, आईडीएफ ने कहा है कि उन्होंने ईरान की राजधानी तेहरान पर हवाई वर्चस्व हासिल कर लिया है। सोशल मीडिया पोस्ट में, आईडीएफ ने कहा कि उसकी वायु सेना तेहरान के आसमान में सक्रिय है और कई ठिकानों पर हमला करके

उन्हें नष्ट कर दिया है। आई.डी.एफ ने बताया कि ईरान के बैलिस्टिक मिसाइल लॉन्चर मुख्यालय, ईरानी वायु रक्षा प्रणालीयों पर हमले किए गए हैं।

———————————————————————

विदेश मंत्रालय ने भारत में रह रहे ऐसे सभी विदेशी नागरिकों के लिए परामर्श जारी किया है जो अपना वीजा बढ़ाना चाहते हैं या अपने ठहराव को नियमित करना चाहते हैं। मंत्रालय ने कहा है कि ऐसे नागरिकों को नज़दीकी विदेशी क्षेत्रीय पंजीकरण कार्यालय से संपर्क करना चाहिए। एक रिपोर्ट–

–––रिपोर्ट–––

———————————————————————

जदयू के राष्ट्रीय कार्यकारी अध्यक्ष संजय झा ने मध्य पूर्व में तनाव की स्थिति के बाद इन देशों में फंसे बिहारवासियों समेत सभी भारतीय नागरिकों को सुरक्षित निकालने के लिए केन्द्र सरकार से आग्रह किया है। श्री झा ने इस संबंध में विदेश मंत्री एस. जयशंकर से फोन पर बातचीत की। श्री झा ने बताया कि डॉक्टर जयशंकर ने उन्हें आश्वस्त किया है कि केन्द्र सरकार मध्य पूर्व एशिया के सभी देशों की सरकारों के साथ निरंतर सम्पर्क में है। साथ ही भारतीय दूतावास बिहार समेत पूरे भारतीय समुदाय की सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए कार्यरत है।

———————————————————————

नागर विमानन मंत्रालय ने कहा है कि पश्चिम एशिया के घटनाक्रम के मद्देनजर मंत्रालय का यात्री सहायता नियंत्रण कक्ष हवाई यात्रियों की शिकायतों और प्रश्नों का समाधान कर रहा है। मंत्रालय ने सोशल मीडिया पोस्ट में कहा कि अब तक चार सौ ग्यारह यात्रियों की शिकायतों का समाधान किया गया है और एयरसेवा पोर्टल तथा हेल्पलाइन के माध्यम से यात्रियों को सहायता प्रदान की जा रही है।

———————————————————————

नेपाल में पांच मार्च को होने वाले प्रतिनिधि सभा सदस्य निर्वाचन से पहले भारत–नेपाल सीमा पर चौकसी बढ़ा दी गई है। सुरक्षा के मद्देनजर आज मध्यरात्रि से पांच मार्च तक सीमाएं सील रहेंगी। इस अवधि में सामान्य वाहनों का परिचालन बंद रहेगा। सुरक्षा व्यवस्था के मद्देनजर भारतीय सीमा पर तैनात एस.एस.बी. के जवान अलर्ट मोड में हैं।

———————————————————————

देशभर में किफायती और गुणवत्तापूर्ण जेनेरिक दवाओं के बारे में जागरूकता पैदा करने के उद्देश्य से जनऔषधि सप्ताह स्वास्थ्य जांच शिविरों की शुरूआत की गयी है। रसायन एवं उर्वरक मंत्रालय ने बताया कि इस कार्यक्रम के तहत औषधि विभाग द्वारा

पांच मार्च तक देशभर में दो सौ पचास से अधिक स्थानों पर स्वास्थ्य जांच शिविर आयोजित किए जा रहे हैं।

———————————————————————

केन्द्र सरकार ने सोशल मीडिया पर प्रसारित हो रहे उस संदेश का खंडन किया है जिसमें दावा किया गया था कि भारतीय स्टेट बैंक—एसबीआई उपयोगकर्ताओं को अपना आधार अपडेट करने के लिए एक एपीके फाइल इंस्टॉल करनी होगी, अन्यथा उनका एसबीआई योनो ऐप ब्लॉक हो जाएगा। पत्र सूचना कार्यालय की तथ्य जांच इकाई ने कहा कि यह दावा फर्जी है। उन्होंने यह भी कहा कि एसबीआई ऐसी कोई जानकारी नहीं मांगता है। कार्यालय ने नागरिकों से आग्रह किया है कि वे किसी भी प्रकार का एपीके डाउनलोड न करें और न ही अपनी व्यक्तिगत, बैंकिंग या आधार संबंधी जानकारी साझा करें।

———————————————————————

वस्तु और सेवा कर यानी जीएसटी संग्रह इस वर्ष फरवरी माह में एक लाख तिरासी हजार करोड़ रूपये से अधिक रहा है। इसी महीने केन्द्रीय जीएसटी संग्रह सैंतीस हजार चार सौ तिहत्तर करोड़ रूपये और राज्य जीएसटी संग्रह पैंतालीस हजार नौ सौ करोड़ रूपये रहा। एकीकृत जीएसटी संग्रह एक लाख करोड़ रूपये से अधिक था।

———————————————————————

प्रदेशभर में होली के त्योहार को लेकर उत्सव का माहौल है। आज मध्य रात्रि के बाद होलिका दहन किया जायेगा जबकि रंगोत्सव चार मार्च को मनाया जायेगा। पंचांगों के अनुसार फाल्गुन पूर्णिमा आज शाम चार बजे से शुरू होकर कल शाम तक रहेगी। बिहार राज्य प्रदूषण नियंत्रण पर्षद द्वारा होलिका दहन के अवसर पर दहन सामग्री में प्रदूषणकारी पदार्थों का उपयोग नहीं करने की सलाह जारी की गयी है। पर्षद ने लोगों से टायर, रबर, मोबिल, प्लास्टिक आदि के सामान नहीं जलाने की अपील की है। इधर, होली को लेकर राजधानी पटना सहित पूरे प्रदेश के बाजारों में रौनक देखी जा रही है। रंग—गुलाल, पिचकारी और मिठाईयों समेत समेत अन्य वस्तुओं की खरीददारी को लेकर बाजारों में दुकाने सजी हुई हैं। इस बीच, प्रदेशभर में होली के मौके पर शांति —व्यवस्था बनाये रखने के लिए सुरक्षा के व्यापक इंतजाम किये गये हैं। असामाजिक तत्वों से निपटने और सोशल मीडिया की निगरानी के लिए पुलिस मुख्यालय की ओर से विशेष व्यवस्था की गयी है।

होलिका दहन को लेकर राजधानी पटना में भी सुरक्षा के व्यापक इंतजाम किये गये हैं। जिलाधिकारी त्यागराजन एस.एम. और वरीय पुलिस अधीक्षक कार्तिकेय के. शर्मा ने अधिकारियों को सतर्कता बरतने के निर्देश दिये हैं। जिलाधिकारी ने बताया कि होली के मौके पर पटना जिले के छह सौ सात स्थानों पर सात सौ अड़सठ मजिस्ट्रेट तैनात किये गये हैं। श्री त्यागराजन ने बताया कि होली के दौरान अगलगी की घटना से निपटने के लिए अग्निशमन विभाग के चार सौ पचास से अधिक कर्मचारी विभिन्न क्षेत्रों में सक्रिय रहेंगे।

———————————————————————

प्रदेश के सभी विश्व विद्यालयों और महाविद्यालयों में आंतरिक समिति का गठन किया जाना है। बिहार राज्य महिला आयोग ने सभी विश्व विद्यालयों को पत्र लिखकर इस संबंध में जानकारी मांगी है। इसके लिए आयोग की ओर से विश्व विद्यालयों को पन्द्रह दिन का समय दिया गया है।

———————————————————————

टी20 क्रिकेट विश्वकप में, भारत ने वेस्टइंडीज को पांच विकेट से हराकर सेमीफाइनल में जगह बना ली है। और ब्यौरा हमारे संवाददाता से–

–––रिपोर्ट–––

———————————————————————

बिहार क्रिकेट ऐसोसिएशन द्वारा आयोजित अन्तर जिला वन डे क्रिकेट प्रतियोगिता के तहत कल खेले गये मुकाबले में पूर्वी चम्पारण, समस्तीपुर, रोहतास, दरभंगा, कटिहार और भागलपुर की टीमों ने जीत दर्ज की।

गौरी शंकर को भारतीय महिला बॉल बैडमिंटन टीम का प्रशिक्षक नियुक्ति किया गया ह। वे ग्यारह से पन्द्रह मार्च तक थाईलैंड में आयोजित होने वाली अन्तरराष्ट्रीय बॉल बैडमिंटन टीम के साथ होंगे।

———————————————————————

मौसम विभाग ने कहा है कि मार्च महीने में प्रदेश के अधिकांश भागों में अधिकतम और न्यूनतम तापामन सामान्य से अधिक रहने की सम्भावना है। विभाग के अनुसार इस दौरान अधिकतम तापमान तीस से बत्तीस डिग्री सेल्सियस के बीच रह सकता है।

———————————————————————

वैशाली के सराय थाना क्षेत्र अन्तर्गत अनवरपुर गांव में शौचालय टंकी की सफाई के दौरान तीन मजदूरों की मौत हो गयी। वहीं, तीन अन्य गम्भीर रूप से घायल मजदूरों को अस्पताल में भर्ती कराया गया है।

———————————————————————————

वैशाली जिला मुख्यालय हाजीपुर स्थित इंस्टीट्यूट ऑफ होटल मैनेजमेंट में अन्तराष्ट्रीय आई–टेक प्रशिक्षण कार्यक्रम का समापन हो गया। तईस फरवरी से एक मार्च तक आयोजित विशेष प्रशिक्षण कार्यक्रम में भूटान के पचास प्रतिनिधियों ने भी भाग लिया।

———————————————————————————

पटना के जिलाधिकारी डॉक्टर त्यागराजन एस.एम. के निर्देश पर आज से पटना नगर निगम के सभी छह अंचलों में फिर से अतिक्रमण मुक्त अभियान चलाया जाएगा। अभियान में विभिन्न विभागों और एजेंसी की टीमें शामिल होंगी।

———————————————————————————

भागलपुर जिले के सुल्तानगंज थाना क्षेत्र में मादक पदार्थों के खिलाफ चलाये जा रहे विशेष अभियान तहत पुलिस ने एक युवक को स्मैक गिरफ्तार किया है।

———————————————————————————

मधुबनी जिले के बेनीपट्टी प्रखंड अन्तर्गत के.वी.एस. कॉलेज परिसर में दो दिवसीय राजकीय उच्चैठ कालीदास महोत्सव की शुरूआत हुई। महोत्सव का शुभारंभ पर्यटन मंत्री अरूण शंकर प्रसाद ने किया।

———————————————————————————

अब पटना से प्रकाशित प्रमुख समाचार पत्रों की सुर्खियां.......

आज के सभी समाचार पत्रों ने ईरान पर अमेरिका–इस्रायल हमले से जुड़ी खबरों को प्रमुखता से प्रकाशित किया है।

हिन्दुस्तान ने इस खबर का शीर्षक लगाया है– ईरान के इंतकाम से आग और भड़की, सर्वोच्च नेता खामेनेई की मौत पर कई देशों में मातम और प्रदर्शन।

दैनिक जागरण ने क्रिकेट से जुड़ी खबर पर लिखा है– सेमीफाईनल में इंग्लैंड से पांच मार्च को भिड़ेगा भारत।

दैनिक भास्कर ने शिक्षा विभाग के निर्णय को सुर्खी बनाते हुये लिखा है– शिक्षकों की रैंकिंग आईएएस की तरह, खत्म होगा प्रभार का झगड़ा।

प्रभात खबर ने मौसम को तरजीह देते हुये लिखा है– बढ़ेगी गर्मी– चार दिनों में दो से चार डिग्री तक चढ़ेगा पारा।

आज अखबार का शीर्षक है– एनएचएम संविदा कर्मियों के मानदेय में वृद्धि।

राष्ट्रीय सागर ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के हवाले से लिखा है– पूरे भारत में उच्च गुणवत्ता वाला बुनियादी ढांचा तैयार।

———————————————————————————

और अब अंत में मुख्य समाचार, एक बार फिर.......

01. पश्चिम एशिया में बढ़ते तनाव के बीच प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने मंत्रिमंडल सुरक्षा समिति की बैठक की अध्यक्षता की।

02. विदेश मंत्रालय ने भारत में रह रहे विदेशी नागरिकों को वीजा संबंधी सहायता के लिए विदेशी क्षेत्रीय पंजीकरण कार्यालय से सम्पर्क करने की सलाह दी।

03. प्रदेश में होली के त्योहार को लेकर उत्सव का माहौल। आज मध्य रात्रि के बाद किया जायेगा होलिका दहन।

04. और, टी20 क्रिकेट विश्व कप में, भारत ने वेस्टइंडीज को हराकर सेमीफाइनल में जगह बनायी। पांच मार्च को इंग्लैंड से होगा मुकाबला।

———————————————————————————

इसके साथ ही आकाशवाणी, पटना से प्रसारित प्रादेशिक समाचार का ये अंक समाप्त हुआ।

आकाशवाणी पटना से अगला समाचार बुलेटिन दोपहर दो बजे प्रसारित किया जायेगा। नमस्कार।